आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 06.02.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्कूली विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन।

2. कृषि विभाग ने द्वीपसमूह के कृषक समुदाय को सहायता प्रदान करने के लिए कृषि बिक्री केन्द्र वाटिका में किसान कॉर्नर की स्थापना की है।

3. उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में द्वीपसमूह के खिलाड़ी ने एक और स्वर्ण पदक जीतकर नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया।

4. एम वी नालंदा के यात्रा कार्यक्रम में फेरबदल।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कल स्कूली विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने न्यायालय परिसर का दौरा किया। कलकत्ता उच्च न्यायालय, पोर्ट ब्लेयर के सर्किट बेंच के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को न्यायालय प्रक्रियाओं एवं बच्चों के लिए बाल–मित्रवत विधिक सेवा योजना, दो हजार चौबीस तथा बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय, सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर के रजिस्ट्रार भवानी शंकर शर्मा ने छात्रों से बातचीत की। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को मूल्यवान कानूनी जानकारी प्रदान की।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने द्वीपसमूह के कृषक समुदाय को प्रत्यक्ष और बेहतर विपणन सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मिडिल प्वाइंट स्थित कृषि बिक्री केन्द्र वाटिका में किसान कॉर्नर की स्थापना की है। इच्छुक किसान काउन्टर के माध्यम से अपने कृषि उत्पाद जैसे मसाले और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद बेच सकते हैं। इसका उद्देश्य किसानों को एक ही स्थान पर बिक्री के लिए जगह उपलब्ध कराना है। किसान विभागीय आउटलेट 'वाटिका' के माध्यम से अपनी उपज बेचने के लिए खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए उनसे कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। बिक्री की राशि सीधे किसानों के खाते में जमा की जाएगी। पंजीकरण के लिए इच्छुक किसान सभी कार्य दिवसों में संबंधित उप डिपो प्रभारी/क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग ने द्वीपसमूह की प्रतिभा को उभारने के लिए एक प्रतियोगिता की घोषणा की है, जिसमें प्रतिभागियों को विभाग के सहयोग से हस्तशिल्प उत्पादों को विभिन्न प्रचार सामग्री बनाने के लिए अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा। द्वीप समूह के छात्र और पेशेवर वर्ग के सभी प्रतिभाशाली डिजाइनरों, कलाकारों और सोशल मीडिया सामग्री निर्माताओं सहित स्टार्टअप्स, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञापन, मीडिया जैसे क्षेत्र के उद्यमियों को एक नया लोगो, आकर्षक नारे और प्रचार वीडियो क्लिप के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस प्रतियोगिता के श्रेणियों और नियमों का विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

उत्तराखंड में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपसमूह के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन चल रहा है, जिसमें कल द्वीपसमूह के खिलाड़ी ने एक और गोल्ड मेडल जीतकर नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया है। एक हजार मीटर टाइम ट्रॉयल एकल स्पर्धा में डेविड बेकहम ने स्वर्ण पदक जीता। यह उनका लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है, जबकि महिलाओं के एकल स्कल स्पर्धा में अमृता मिंज ने कांस्य पदक जीता। द्वीपसमूह के खिलाड़ियो ने अब तक कुल सात पदक जीते हैं, जिसमें चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण आवासीय योजना के तहत खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। दस फरवरी को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम स्थित साई परिसर, में दस से चौदह वर्ष की आयु वर्ग के लिए चयन ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। इस चयन ट्रायल में लड़कियों को रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग और फुटबॉल में शामिल किया जाएगा। जो बच्चे निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं और जिला, राज्य और स्कूली स्तर पर पदक विजेता हैं, उन्हें चयन ट्रायल में प्राथमिकता दी जाएगी। चयन साई के कोचों द्वारा आयोजित शारीरिक परीक्षण के आधार पर होगा।

चयन ट्रायल से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए साई को ई–मेल कर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से "फलों के मूल्य संवर्धन" विषय पर कल एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागीय फल संरक्षण इकाई, हैडो में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी पहलुओं के

साथ अदरक और कैरम्बोला के मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उत्पादों की गुणवत्ता, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन की तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। एफ पी इकाई की प्रभारी गुलशन बीबी ने इकाई के कामकाज और आय बढ़ाने के लिए फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एफ एस एस ए आई प्रमाणीकरण के बारे में भी बताया, जो उनकी उपज की गुणवत्ता की पहचान के लिए अनिवार्य है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी उपज के लिए एफ एस एस ए आई के साथ पंजीकरण कराने की सलाह दी। इस अवसर पर सदस्यों ने अदरक कैंडी और कैरम्बोला स्क्वैश तैयार किया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में महिला सशक्तिकरण केन्द्र के तहत अनुबंध के आधार पर राज्य मिशन समन्वयक के एक पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चुने गए उम्मीदवारों को पचास हजार रूपए की एकमुश्त राशि दी जाएगी। पूर्ण रूप से भरे हुए फार्म अट्ठारह फरवरी शाम पांच बजे तक गोलघर स्थित समाज कल्याण कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के अध्ययन दौरे पर आए मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के अट्ठारह परीवीक्षाधीन अधिकारियों के एक दल ने कल राज निवास में उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से एम वी नालंदा की कल कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम की यात्रा में फेरबदल किया गया है। अब यह जलयान आठ फरवरी को सुबह सात बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम पहुंचेगी।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने रंगत ब्लाक विशेषकर मिथिला और सीतापुर गांव के निवासियों के सामने आने वाली गंभीर जल संकट के संबंध में अण्डमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से अपील की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा जलापूर्ति, जो दो दिनों में केवल एक बार आधे घंटे के लिए है, उससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अपनी अपील में श्री हलदार ने पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दूषित पानी से गंभीर स्वास्थ्य

संबंधी खतरे हो सकते हैं। अध्यक्ष ने मुख्य अभियंता से अनुरोध किया है कि तत्काल राहत के लिए वैकल्पिक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपों के साइकिल चालक द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए डेविड बेकहम के एक और स्वर्ण पदक जीतने और महिलाओं के एकल स्कल स्पर्धा में कांस्य पदक मिलने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। कल्याणकारी योजनाओं के तहत श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित होने के समाचार को द्वीप समाचार में जगह मिली है। साथ ही अखबार ने छात्रों के लिए कानूनी साक्षरता आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला एक दिवसीय मैच खेले जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने खेल खिलाड़ी पृष्ठ में प्रकाशित किया है। नगरपालिका परिषद द्वारा रत्नम मार्केट इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने प्रमुखता दी है। फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>